कोर कमेटी की बैठक में आंखों की कोर से निकले महिला नेत्री के आंसू

शाजापुर में कोर कमेटी की बैठक में आपस में दिखी तल्खी

शाजापुर, 9 जनवरी. ये सियासत की कोर कमेटी है, किसी के आंसुओं से तर नहीं होती है... कुछ ऐसा ही आलम बीती रात भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में देखने को मिला, जहां नेताओं के आपसी मनमुटाव को लेकर एक महिला नेत्री की आंखों में उस समय आंसू आ गए, जब उनकी बात नहीं सुनी जा रही थी. इसके अलावा बैठक में और भी बहस के मुद्दे रहे. कोर कमेटी की बैठक में नजारा कुछ इस तरह का था कि भाजपा में सबकुछ उतना सहज नहीं है, जितना नजर आता है.

गौरतलब है कि शाजापुर जिला भाजपा कोर कमेटी की बैठक बीती रात एक निजी होटल में आयोजित की गई थी, जिसमें जिले के सभी विधायक, सांसद, संगठन जिलाध्यक्ष, महामंत्री, प्रदेश संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे. बैठक में शुजालपुर विधानसभा को लेकर कुछ ऐसा हुआ, जो चर्चा का विषय है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में प्रदेश संगठन पदाधिकारी जो महिला नेत्री हैं, उनकी बात अनसुनी की गई, जिससे उनकी आंखों में आंसू आ गए. हालांकि भाजपा के पदाधिकारियों ने ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया, लेकिन पुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश मंत्री और नगर पालिका अध्यक्ष शुजालपुर बबीता परमार व शुजालपुर विधायक इंदरसिंह परमार के बीच किसी बात को लेकर तल्खी देखी गई. जिससे प्रदेश मंत्री महिला नेत्री बबीता परमार की आंखों से आंसू छलक आए. वहीं दूसरी ओर और भी कई मुद्दों पर दूसरे विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के बीच भी तल्ख अंदाज में बहसबाजी हुई. हालांकि कोर कमेटी के बैठक की अंदर की बात बाहर आने को लेकर सभी भाजपा नेताओं ने इस बात का खंडन किया कि ऐसा कुछ नहीं हुआ, लेकिन बैठक स्थल के बाहर जो नजारा था, वो कुछ और ही बयां कर रहा था.

पुराने ही विषयों पर फिर से नए सिरे से चर्चा...

पिछली कोर कमेटी की बैठक में जो प्रस्ताव रखे गए थे, उनको भेज दिया गया है, जिसमें एल्डरमेन की नियुक्ति, जनभागीदारी अध्यक्ष का मनोनयन और संगठनात्मक जानकारियां. इस बार की कोर कमेटी में कुछ ऐसी बातें हुई, जिनमें आपसी सहमति कम नजर आई. हालांकि बैठक के बाद सबने भोजन एकसाथ किया और उसके बाद सभी जनप्रतिनिधि बैठक से निकल गए.

महिला नेत्री के आंसुओं की रही चर्चा...

बैठक में अचानक महिला नेत्री व प्रदेश मंत्री बबीता परमार की आंखों से आंसू निकलने का मामला कोर कमेटी में चर्चा का विषय रहा. हालांकि इस मामले को कोर कमेटी का हर सदस्य दबाने में लगा था. यहां तक कि आंखों से आंसू के विषय में भाजपा नेताओं का कहना है कि किसी भावनात्मक बात में आंसू निकल गए होंगे, लेकिन बैठक में ऐसा कुछ हुआ नहीं. हालांकि महिल नेत्री के आंसू खुद सच्चाई बयां कर रहे थे कि बैठक में कुछ ऐसा हुआ है, जो नहीं होना चाहिए था.

इनका कहना है

सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई. ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है. संगठन को मजबूत करने की दिशा में विचार-विमर्श किया गया है. बैठक में जिले के सभी विधायक, सांसद और संगठन के प्रदेश व जिले के पदाधिकारी मौजूद थे.

- रवि पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष, शाजापुर

एक नजर में

शुजालपुर में गांजा बेचने आए दो आरोपी पकड़ाए

शुजालपुर, 9 जनवरी. मंडी पुलिस ने नए बायपास मार्ग से दो युवकों को पकड़ा, जिनके पास से मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया. पुलिस को यह सफलता मुखबिर की सूचना पर मिली. दोनों आरोपी अन्य प्रांत से गांजा लेकर शुजालपुर में विक्रय करने के लिए आए थे. थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी शिव कुमार यादव ने बताया कि 8 जनवरी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बाइक से आष्टा से शुजालपुर के नये बायपास वाले रास्ते से अकोदिया जाने वाला है जिसकी बड़ी दाडी है जो टोपा पहने है व भुरे रंग का जैकेट पहने हुए है जिसके पास रखे बेग में अवैध मादक पदार्थ गांजा है .इस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशन में टीम बताए गए स्थल के लिए रवाना की गई, बायपास रोड की पुलिया पर दो व्यक्ति बाइक से आते हुए दिखे, जिसमें से एक मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का दिखा तो बाइक को रोका गया. बाइक पर बैठे व्यक्तियों ने अपना नाम राहुल पिता रमेश शर्मा उम्र 40 साल निवासी दामखेडा बायपास रोड भोपाल तथा दूसरे ने अपना नाम धर्मेन्द्र विश्वकर्मा पिता रामप्रसाद विश्वकर्मा उम्र 40 साल निवासी सागर रोड विदिशा का होना बताया. जिनके पास रखे बेग की तलाशी ली तो सफेद रंग की प्लास्टिक की थैली मे भरे वनस्पति पदार्थ जो गांजा था जिसका वजन 02 किलो 173 ग्राम होना पाया गया. दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज किया गया. उक्त कार्य में थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी शिव कुमार यादव, उपनिरीक्षक विजय खत्री, सउनि भैमेन्द्रसिंह ठाकुर, आरक्षक सचिन सिसोदिया, आरक्षक सतीष सूर्यवंशी, आरक्षक पवन परमार, आरक्षक चालक महेश कुमार की सराहनीय भूमिका रही.

खेलों एमपी आयोजन को लेकर बैठक

शुजालपुर, 9 जनवरी. खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत शुजालपुर विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा को लेकर एक बैठक सीएम राइज विद्यालय परिसर में हुई. इस बैठक में आगामी प्रतियोगिताओं की रूपरेखा तैयार की गई और खिलाडियों की चयन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई. इस बैठक का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ब्लॉक समन्वयक हुकम सिंह परमार और मां शारदा सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य रजनीश त्रिवेदी के विशेष मार्गदर्शन में किया गया. बैठक के दौरान ब्लॉक स्तर पर होने वाली चयन स्पर्धा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए खेल संयोजक भूपेंद्र सिंह परमार ने सभी खेल शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित किया. इस दौरान खेल शिक्षक दीपक मीणा, राहुल मीणा, रिचा योगी, विमला परमार, तूफान धनगर, राहुल सैनी, रोहित जाटव, अरविंद सेठ, संदीप मंडलोई, अमर राजपूत, रक्षित पाठक, आनंदीलाल परमार, मनीष गुप्ता, अरुण शर्मा सहित अन्य खेल शिक्षक व प्रशिक्षक मौजूद रहे. सभी ने खेलों को बढावा देने और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने का संकल्प लिया. ब्लॉक समन्वयक हुकुमसिंह परमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता 10 जनवरी को शासकीय महाविद्यालय मैदान शुजालपुर पर संपन्न कराई जाएंगी. यहां से चयनित खिलाडी आगामी जिला और संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में शुजालपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे.

कायाकल्प टीम पहुंची सिविल अस्पताल शुजालपुर

शुजालपुर, 9 जनवरी. सिविल अस्पातल शुजालपुर में कायाकल्प टीम ने निरीक्षण किया. इस टीम में शामिल देवास से डॉ अमरीन शेख, डॉ स्नेहल वर्मा ने अस्पताल के विभिन्न विभागों की जांच का व रिकार्ड संधारण, साफ-सफाई, बायोमेडिकल बेस्ट का उचित निष्पादन, पेयजल की उचित साफ-सफाई, मरीजो संबधित सुविधाओं का निरीक्षण किया. इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शारदा रामसरिया, डॉ. रामसलोने मिश्रा, कायाकल्प नोडल अधिकारी डॉ. सुनील कराडा, नर्सिंग ऑफिसर एवं अस्पताल के समस्त कर्मचारियों का सहयोग रहा.

भाजपा में बर्तन बजने की आवाज अब बाहर तक आने लगी है...

घर में जब बर्तन ज्यादा होते हैं, तो उनकी खनक भी बढ़ जाती है. कुछ ऐसा ही हाल इन दिनों भाजपा की राजनीति में भी है. पहले भाजपा के बर्तनों की आवाज संगठन तक ही रहती थी, लेकिन अब भाजपा के बर्तनों की आवाज बाहर तक सुनाई देने लगी है. हर नेता का अपना कबीला है और वो स्वयंभू कबीले का सरदार है. किसी भी नेता को भाजपा रूपी कबीले के टूटने का डर नहीं है, बस सरदार कौन होगा, इस बात की फिक्र है. गुटबाजी के बैक्टीरिया यूं तो कांग्रेस में पोषित होते थे, लेकिन अब ये बैक्टीरिया भाजपा की राजनीति में भी पनपने लगे हैं. पहले भाजपा की गुटबाजी शिशु काल में हुआ करती थी, लेकिन इन दिनों भाजपा में गुटबाजी किशोर अवस्था का रूप ले चुकी है. हर नेता का अपना आका है और हर नेता अपने आका की चरणवंदना में लगा हुआ है. तीन साल पहले भाजपा की राजनीति में जो पॉवर हाउस हुआ करते थे, वे इन दिनों फ्यूज डीपी बनकर जिले की राजनीति से बाहर हैं. वैसे ही शाजापुर जिले में भाजपा के कई बड़े-बड़े कद्दावर नेताओं की अचानक ताजपोशी हुई है. यही कारण है कि असंतुष्ट, नाराज नेताओं को अलग-अलग ठोर-ठिकाने भी मिल गए हैं. भाजपा में ए से ले कर झेड तक की टीम तैयार हो गई है. जो लोग संगठन से नाराज हैं या पद न मिलने से बेचैन हैं, उन्होंने अपना नया संगठन बनाया निवरा संगठन. इस संगठन में भी लगातार भर्ती हो रही है. सबसे बड़ी बात यह है कि वो लोग भी असंतुष्ट और नाराज हैं, जिन्हें पार्टी ने बहुत कुछ दिया, लेकिन जिन्हें फूफा बनना है, उन्हें फूफा बनने से कोई नहीं रोक सकता है. फिर चाहे पार्टी उन्हें शीर्ष पर पहुंचा दे. भाजपा की राजनीति में इन दिनों कुछ ऐसा ही आलम है कि नेता कबीला-कबीला संस्कृति को सींच रहे हैं.

पोलिटिकल इनसाइड
मनोज पुरोहित

अब मोर्चा जिलाध्यक्ष को लेकर दावेदारों की बाढ़

शाजापुर से युवा मोर्चा को प्रदेश अध्यक्ष मिला. इसलिए अब शाजापुर से जिलाध्यक्ष को लेकर कई दावेदार नजर आ रहे हैं. अब देखना यह है कि इस बार युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जिला मुख्यालय से बनता है या अन्य विधानसभा से, लेकिन जो लोग कुछ महीने पहले अपने आप को जिलाध्यक्ष बना मान चुके थे, उनके मंसूबों पर पानी फिरता नजर आ रहा है. अब देखना है कि किस हारे का सहारा बनते हैं श्याम.

गुलदस्तों से चल रही कईयों की राजनीति

तेजाब फिल्म में गुलदस्ता नामक एक किरदार था, जिसकी तारीफ कर दो, तो चाय-पानी की व्यवस्था हो जाती थी. ऐसे ही भाजपा और कांग्रेस में भी दो-तीन गुलदस्ते हैं, जिनसे कईयों की राजनीति चल रही है. बस करना कुछ नहीं है, गुलदस्तों की शान में कसीदे पढ़ना है और सोशल मीडिया पर दो-चार फोटो चिपकाना है. बाकी सैर सपाटा, खाना पीना गुलदस्ते देख लेंगे. हालांकि राजनीति में कुछ लोग अमावस्य के किरदार में भी है. हालांकि गुलदस्ते की ये वैरायटी राजनीति के अलावा और भी क्षेत्रों में तेजी से पनप रही है.

अंत में...

तुम्हें बस ये बताना चाहता हूं... मैं तुमसे क्या छुपाना चाहता हूं... कभी मुझसे भी कोई झूठ बोलो... मैं भी हां में हां मिलाना चाहता हूं...

टैंकर और कार की भिड़ंत, तीन घायल, स्प्रिट से भरे टैंकर की जांच शुरू

सोयतकलां, 9 जनवरी. शुक्रवार को उज्जैन-झालावाड़ नेशनल हाईवे पर अमरकोट गांव के समीप एक टैंकर और कार के बीच आमने सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी तेज थी कि टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गयाए जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. इस हादसे में कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर सिविल अस्पताल सुसनेर पहुंचाया गया. घायलों की पहचान मनीष जैन, गिरिराज गुप्ता और राकेश गुप्ता निवासी सोयतकलां के रूप में हुई है. सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया. हादसे में टैंकर चालक को कोई चोट नहीं आई है. दुर्घटना के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस की मदद से सुचारु कराया गया. सूचना मिलने पर सोयत पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया. थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त टैंकर में स्प्रिट भरी हुई थी. स्प्रिट के परिवहन से संबंधित दस्तावेजों और उसकी वैधता की जांच की जा रही है. फिलहाल टैंकर चालक को पुलिस हिरासत में लिया गया है और पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है. पुलिस दुर्घटना के कारणों के साथ.साथ स्प्रिट के परिवहन से जुड़े नियमों के उल्लंघन की भी पड़ताल कर रही है. टैंकर इंदौर की ओर से सवाई माधोपुर की तरफजा रहा था वहीं कार सोयत से आगर की ओर आ रही थी. सुसनेर में उपचार दौरान पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह चौहान समर्थकों के साथ अस्पताल पहुंचे, घायलों के हलचाल जाना चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली.

भागीरथपुरा की घटना से भी नहीं जागा प्रशासन

पानी की टंकी की सफाई को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

मोहन बड़ोदिया, 9 जनवरी. इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई मौतों की घटना के बाद भी स्थानीय प्रशासन की नींद नहीं खुली है. इसी को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण जनों ने शुक्रवार को पानी की टंकी की सफाई कराने की मांग को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को ज्ञापन सौंपना था, लेकिन सीईओ अमृतराज सिसोदिया फील्ड में होने की वजह से सहायक ग्रेड 3 मुरलीधर भालोट को ज्ञापन सौंपा.

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कई वर्षों पूर्व निर्मित पानी की टंकी से पूरे गांव को पेयजल की आपूर्ति की जाती है, लेकिन लंबे समय से टंकी की सफाई नहीं कराई गई है. इससे ग्रामीणों को दूषित पानी मिलने की आशंका बनी हुई है जो किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है.

नाले में किया गया पाइप लाइन का ज्वाइंट, बड़ा खतरा

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कुंडलिया नल.जल योजना के अंतर्गत ठेकेदार द्वारा नलखेड़ा रोड पर नई पाइप लाइन डाली गई है, जिसका ज्वाइंट नाले में ही कर दिया गया है. यह ज्वाइंट कभी भी लीकेज का कारण बन सकता है, जिससे नाले का गंदा पानी सप्लाई लाइन में मिल सकता है.

समय रहते कार्रवाई की मांग...

ग्रामीण दीपक जैन ने बताया कि भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से करीब 20 लोगों की मौत हो चुकी हैए इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. यदि समय रहते नाले में किए गए पाइप लाइन के ज्वाइंट को नहीं हटाया गयाए तो भविष्य में यहां भी भागीरथपुरा जैसी घटना घट सकती है.

लोगों ने चेताया, नहीं हुई कार्रवाई तो होगा आंदोलन

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पानी की टंकी की सफाई कराई जाए और नाले के पास किए गए पाइप लाइन के ज्वाइंट को हटाकर सुरक्षित स्थान पर जोड़ा जाए. ज्ञापन सौंपने वालों में रामचंद्र सूर्यवंशी, मनीष प्रजापति सहित अनेक ग्रामीण जन उपस्थित रहे.

इनका कहना है

नलखेड़ा रोड़ पर ठेकेदार द्वारा कुंडालियां नलजल योजना की नई पाइप लाइन का ज्वाइंट नाले में है जो कभी भी लीकेज हो सकता है और नाले का पानी पाइप लाइन के जरिए कई घरों में पहुंच सकता है.उस ज्वाइंट को हटा कर अन्य जगह लगाए.

- दीपक जैन, नगरवासी

वर्षों पुरानी पानी की टंकी है जिसे सफाई करने हेतु जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन दिया है.

- पवन बैरागी नगरवासी

एक नजर में

कॉलेज चलो अभियान : ई-प्रवेश नोडल अधिकारी ने विद्यार्थियों को किया जागरुक

अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए कर रहे प्रेरित

शाजापुर, 9 जनवरी. उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कॉलेज चलो अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय अग्रणी महाविद्यालय शाजापुर के प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा के मार्गदर्शन में डॉ.अरुण कुमार बोड़ाने, जिला नोडल अधिकारी ई प्रवेश एवं कॉलेज चलो अभियान एवं डॉ. दिनेश निंगवाल विभागाध्यक्ष संस्कृत कॉलेज चलो अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु निरंतर प्रेरित कर रहे हैं.

इसी तारतम्य में कॉलेज चलो अभियान कि टीम शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल शाजापुर, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लाहोरी एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल देवला विहार पहुंचे. उक्त कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने विद्यार्थियों को पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में समस्त पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं एवं महाविद्यालय परिसर सीसीटीवी कैमरों से युक्त पूर्ण रूप से सुरक्षित है जहां नियमित रूप से क्लासेस लगती हैं. इसके साथ ही डॉ.बोड़ाने ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे डिजीलॉकर स्वयं पोर्टल एवं एबीसी आईडी के बारे में भी विस्तार से बताया.

गतिविधियों की जानकारी दी...

डॉ.दिनेश निंगवाल ने महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, शासन कि विभिन्न हितग्राही एवं छात्रवृत्ति योजनाओं, एनसीसी, एनएसएस एवं खेलकूद विधाओं कि जानकारी दी. कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से फीडबैक फार्म भी भरवाया गया. साथ ही कॉलेज का विडियो कंटेंट भी दिखाया गया. उक्त टीम ने गांव के सरपंच, सचिव, रोजगार सचिव एवं अन्य गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा कर गांव में ड्रॉपआउट विद्यार्थियों को पढने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा. उक्त कार्यक्रम के दौरान तीनों ही विद्यालयों के प्राचार्य,विद्यालयीन स्टाफ सहित अनेक विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे.

जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

सोयतकलां, 9 जनवरी. कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के आदेशानुसार अपर कलेक्टर ने जिले के लिए वर्ष 2026 में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं. जारी आदेश के अनुसार बाबा बैजनाथ महादेव की शाही सवारी 24 अगस्त सोमवार, महानवमी दशहरा पर्व पर 19 अक्टूबर सोमवार तथा भाई दूज पर्व पर 11 नवंबर बुधवार को सम्पूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा.

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे पहले धीरेंद्र सिंह के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब मुझे धीरेंद्र सिंह भदौरिया पिता स्व. सुरेंद्र सिंह भदौरिया, 39 भट्ट मोहल्ला, शाजापुर के नाम से जाना जाए.

धीरेंद्र सिंह भदौरिया
39, भट्ट मोहल्ला, शाजापुर